प्रेस नोट

दिनांक 25.08.2025

तीजा मेला 2025 की तैयारियों के संबंध में श्रीमान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश -

आज दिनांक 25.08.2025 को जनपद हमीरपुर में आगामी तीजा के सफल आयोजन और सुरक्षा प्रबंधों के दृष्टिगत, श्रीमान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर द्वारा पुलिस व प्रसाशनिक अधि0/ कर्म0 को ब्रीफ किया गया। इस दौरान मेला क्षेत्र में भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था, तथा यातायात प्रबंधन को लेकर गहन समीक्षा की गई । अधिकारियों ने मेला स्थल पर विभिन्न सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया और सुनिश्चित किया कि मेले के दौरान जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो । खासतौर पर मेला क्षेत्र के प्रवेश और निकास द्वारों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने, मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, आपातकालीन सेवाओं के लिए अलग से मार्ग तैयार करने, तथा फायर ब्रिगेड और चिकित्सा टीम की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

मेला ड्यूटी में तैनात पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा गया कि मेले के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी होगी । साथ ही, उन्होंने किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने और तत्काल कार्रवाई करने के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए । मेले में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए जाने की भी आवश्यकता पर बल दिया गया। इसके तहत महिला पुलिसकर्मियों की विशेष तैनाती और मेला क्षेत्र में मदद केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा, यातायात नियंत्रण के लिए मुख्य मार्गों पर बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था, एवं मेले के दौरान वाहनों के सुचारु संचालन हेतु ट्रैफिक पुलिस को आवश्यक निर्देश दिए गए । पैदल आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अलग रास्ते की व्यवस्था की जाएगी ताकि भीड़भाड़ से बचा जा सके मौजूद अन्य वरिष्ठ अधिकारियों जैसे एडीएम (अपर जिलाधिकारी) हमीरपुर, ए0एस0पी हमीरपुर, एसडीएम (उप जिलाधिकारी) सदर, सीओ (क्षेत्राधिकारी) सदर, क्षेत्राधिकारी मौदहा व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौके पर उपस्थित रहे । उन्होंने भी अपनी-अपनी विभागीय जिम्मेदारियों के अनुसार मेले के सफल और सुरक्षित आयोजन के लिए आवश्यक प्रबंधों पर चर्चा की।

इसके अतिरिक्त, मेला क्षेत्र में सफाई व्यवस्था, जलापूर्ति, शौचालय सुविधाएं, और बिजली की निर्बाध आपूर्ति पर भी चर्चा की गई, जिससे आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो । मेला आयोजन समिति और स्थानीय प्रशासन के बीच समन्वय बनाए रखने के लिए एक कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा, जो पूरे मेला अवधि के दौरान सक्रिय रहेगा।

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक महोदया ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मियों से समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आग्रह किया, ताकि तीजा मेला आगंतुकों / श्रद्धालुओं के लिए एक सुरक्षित, व्यवस्थित और आनंददायक अनुभव साबित हो सके।